संख्या-11/2022/2019/24-1-21-591(बजट)/2018

प्रेषक:

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 18 जनवरी, 2022**

विषय:-वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशि समायोजन के माध्यम से अंशपूँजी की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-1815/अधि0नि0(वित्त)/निधि-।।/सौभाग्य योजना/344/2017-18, दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में ऊर्जा विभाग के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक 4801-80-190-04-30 में द्वितीय अनुपूरक के माध्यम से प्राविधानित धनराशि रूपये 185,00,00,000/- (रूपये एक सौ पच्चासी करोड़ मात्र) में से आर0ई0सी0, नई दिल्ली द्वारा अवमुक्त अनुदान की कुल धनराशि रूपये 184,93,59,092/- (रूपये एक सौ चौरासी करोड़ तिरानवे लाख उनसठ हजार बानवे मात्र) की वित्तीय स्वीकृत पुस्तक समायोजन के माध्यम से निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं।

2- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण नकद न कर पुस्तक समायोजन के माध्यम से किया जायेगा।

3- प्रस्तर- 1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

4- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश लखनऊ/प्रयागराज और ऊर्जा विभाग, तथा वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

5- प्रस्तर-1 में स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग किसी भी दशा में किसी अन्य मदों में नहीं किया जायेगा।

6- इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

7- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक 4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय- 80- सामान्य-190-सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों में निवेश -04- प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के अन्तर्गत विद्युतीकरण हेतु अंशपूँजी (के. 60/रा. 10/नि. 30-के.+रा.) -30- निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा तथा अवमुक्त अनुदान की धनराशि को लेखाशीर्षक 0801-बिजली-06-ग्रामीण विद्युतीकरण-800- अन्य प्राप्तियॉ-01- ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के लिए अंशपूँजी हेतु भारत सरकार से प्राप्ति के अन्तर्गत जमा किया जायेगा।

8- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई0-10-3425/दस-2021-22, दिनांक 18 जनवरी, 2022 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें है।

भवदीय,

(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
अनु सचिव।

संख्या- 11 /2022/2019(1)/24-1-21, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- सचिव, ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2- ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लि0, नई दिल्ली।
3- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज- 211001।
4- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज- 211001।
5- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
6- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.upnic.in